भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2744
मंगलवार, 4 अगस्त, 2026/13 श्रावण, 1948 (शक) को उत्तरार्थ

सहकारी कताई मिल

2744. **श्री रुद्र नारायण पाणीः**

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या ओडिशा के ढेंकानाल जिले के गोविंदपुर स्थित सहकारी कताई मिल कई वर्षों से बंद पड़ी है; और

(ख) यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थिति का संज्ञान ले रही है तथा उक्त मिल के प्रभावी पुनरुद्धार के लिए राज्य सरकार को आवश्यक निर्देश जारी करने का विचार रखती है?

उत्तर

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) वस्त्र मंत्रालय से प्राप्त सूचना के अनुसार, कलिंगा वीवर्स कोऑपरेटिव स्पिनिंग मिल्स लिमिटेड, गोविंदपुर, ढेंकानाल के उत्पादन कार्यकलाप नवंबर, 2002 से बंद हैं ।

(ख) यह विषय ओडिशा राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र का है।

*****